Social Justice Union
Govt. Registered

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 13 दिसंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 76

## महत्वपूर्ण एवं खास

### उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में बस पलटी, 40 यात्री घायल

**गोंडा (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में गोंडा जिले के कर्नलगंज इलाके में सोमवार को एक डबल डेकर बस पलट गई। इस हादसे में करीब 40 यात्री घायल हुए हैं। जिसके बाद घायलों उपचार के लिए अस्पताल लेकर जाया गया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह हादसा भंभुआ रेलवे क्रॉसिंग के पास उस समय हुआ जब दिल्ली से गोंडा जा रही एक बस खड़े ट्रैक्टर से टकराकर पलट गई। हादसे में बस में सवार करीब 40 यात्री घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आठ यात्रियों की हालत गंभीर है।

### शातिर चोरों का गैंग चढ़ा पुलिस के हत्थे, 5 लोग गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)।** थाना ईकोटेक पुलिस ने बिजलीघर से कॉपर तार की चोरी करने वाले 5 शातिर चोर गिरफ्तार किए है। पुलिस ने उनके कब्जे से 100 प्रतिशत माल अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपए बरामद किया है। पुलिस ने चोरी करने वाले 1. आरिफ 2. सुरेन्द्र 3. मुनस्सर 4. सरवन को चोरी गये तार में से 100 प्रतिशत माल ( साबुत टुकडे 359 मीटर बिजली की केबिल के 12 बण्डल व 150 कि0ग्रा0 रंगीन तार के 03 बण्डल, 302.95 कि0ग्रा0 तांबे का तार 12 बण्डल तथा 817 कि0ग्रा0 लोहे के तार के 26 बण्डल ,156 कि0ग्रा0 काले रंग की रबर 03 बण्डल तथा 132 कि0ग्रा0 नीले रंग की रबर 02 बण्डल कुल 58 बण्डल) और एक गाडी महेन्द्रा पिकअप के साथ पकड़ा है। वादी ने ये रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 7/8 दिसंबर की रात को को अज्ञात चोरो ने घरबरा बिजली घर के 2.55 स्क्वायर डड कापर वायर लम्बाई करीब 2 किमी को चोरी कर भाग गए है। ईकोटेक प्रथम पुलिस से इस मामले में मामला दर्ज कर उसकी जांच शुरू कर दी थी।

### राहुल की यात्रा सवाईमाधोपुर जिले में किया प्रवेश

**सवाईमाधोपुर (आरएनएस)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में आज सुबह करीब छह बजे बूंदी जिले में तेजाजी मंदिर से शुरू हुई और सवाईमाधोपुर जिले में प्रवेश कर लिया हैं । यात्रा में आज का दिन विशेषरुप से महिलाओं के लिए रखा गया और यात्रा में महिलाएं श्री राहुल गांधी के साथ चल रही हैं । यात्रा में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और उनकी बेटी मिराया भी यात्रा में उनके साथ चल रही हैं। इस दौरान श्री राहुल गांधी ग्रामीण महिलाओं से आत्मीयता से मिले और उनसे संवाद किया तथा उनकी बात सुनी। यात्रा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा भी श्री राहुल गांधी के साथ चल रहे है। यात्रा ने सवाईमाधोपुर जिले में प्रवेश कर लिया और यात्रा का दोपहर का विश्राम पीपलवाड़ा में होगा।

### उमराह करने के बाद मां वैष्णो देवी के दरबार पहुंचे शाहरुख खान

**जम्मू (आरएनएस)।** किंग खान यानी शाहरुख खान का हाल ही में एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा था, जिसमें वो सऊदी अरब के मक्का में उमराह करते दिखाई दे रहे थे। अब खबर आ रही है कि वो मां वैष्णो देवी के दरबार पहुंचे हैं। शाहरुख खान बीती देर रात मां वैष्णो देवी के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे। अपने दोस्तों के साथ शाहरुख खान ने माता वैष्णो देवी के दर्शन किए। लोग उनको पहचान न पाएं इसके लिए शाहरुख खान ने काला चश्मा लगाया था और मास्क लगाकर मंदिर में पहुंचे थे।

## गुजरात में भूपेंद्र पटेल ने दूसरी बार ली सीएम पद की शपथ, पीएम मोदी-अमित शाह रहे मौजूद



**अहमदाबाद (आरएनएस)।** गुजरात में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद भूपेंद्र पटेल की दूसरी बार ताजपोशी हो गई। भूपेंद्र पटेल ने सोमवार को सीएम पद की शपथ ली। उनके शपथ ग्रहण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री शामिल हुए। भूपेंद्र पटेल को राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इससे पहले भूपेंद्र पटेल ने सितंबर 2021 में पिछले कार्यकाल के लिए शपथ ली थी। भूपेंद्र पटेल के बाद 16 मंत्रियों ने भी शपथ ली। इनमें 8 कैबिनेट, दो स्वतंत्र प्रभार और छह राज्यमंत्री हैं। पटेल के साथ शपथ लेने वाले सभी मंत्रियों के नाम :

**कैबिनेट मंत्री-**
1. कनुभाई देसाई, 2. ऋषिकेश पटेल, 3. राघवजी भाई पटेल, 4. बलवंत सिंह राजपूत, 5. भानुबेन बावरिया, 6. कुबेरभाई डिंडोर, 7. कुंवरजी बावडिय़ा, 8. अय्यर मुलुभाई बेरा

**राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार-** 1. हर्ष संघवी, 2. जगदीश विश्वकर्मा

**राज्यमंत्री-** 1. पुरुषोत्तम सोलंकी, 2. बच्चूभाई खाबड़, 3. मुकेशभाई पटेल, 4. प्रफुल्ल पानसेरिया, 5. भीखूसिंह परमार, 6. कुंवरजी भाई हड़पति

### समाजवादी पार्टी की नवनिर्वाचित सांसद डिंपल यादव ने लोकसभा में ली शपथ

❑ बीजेपी के रघुराज सिंह शाक्य को ढाई लाख वोटों के बड़े अंतर से हराया



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** समाजवादी पार्टी की नवनिर्वाचित सांसद डिंपल यादव ने सोमवार को लोकसभा में शपथ ग्रहण की। उन्होंने 8 दिसंबर को उत्तर प्रदेश में मैनपुरी संसदीय उपचुनाव जीता था। निचले सदन में सांसद के रूप में डिंपल यादव का यह दूसरा कार्यकाल है। वह मई 2012-2019 से कन्नौज से लोकसभा सांसद थीं। मैनपुरी संसदीय सीट अक्तूबर में समाजवादी पार्टी के संरक्षक और डिंपल यादव के ससुर मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद खाली हो गई थी। उपचुनाव 5 दिसंबर को हुआ था और 56 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया था। डिंपल यादव ने बीजेपी के रघुराज सिंह शाक्य को ढाई लाख वोटों के बड़े अंतर से हराया। मैनपुरी को समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जाता है।

### राज्यसभा ने आईओए की पहली महिला प्रमुख चुने जाने पर पीटी उषा को दी बधाई




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राज्यसभा ने सोमवार को ट्रैक एवं फील्ड की दिग्गज खिलाड़ी और उच्च सदन की सदस्य पीटी उषा को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की पहली महिला प्रमुख चुने जाने पर बधाई दी।सुबह जैसे ही सदन की कार्यवाही आरंभ हुई सभापति जगदीप धनखड़ ने उषा की इस नयी उपलब्धि का उल्लेख करते हुए उन्हें बधाई दी।पूरे सदन ने मेज थपथपाकर ''गोल्डन गर्ल'' को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

अठावन वर्षीय उषा को रविवार को आधिकारिक तौर पर आईओए का अध्यक्ष चुना गया।उषा को इसी साल राज्यसभा में मनोनीत किया गया था।उषा ने नौ साल की छोटी उम्र में एथलेटिक्स में कदम रखा जिसके बाद उनका करियर शानदार रहा और दौरान उन्होंने कई एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक जीते और 1984 के ओलंपिक में 400 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में चौथा स्थान हासिल किया।


उन्होंने 1990 में संन्यास की घोषणा की और फिर विवाह किया। वह 1994 में दोबारा ट्रैक पर लौटी और फिर 2000 में संन्यास लिया। 2000 के बाद वह अपनी अकादमी -उषा स्कूल ऑफ एथलेटिक्स में होनहार एथलीटों के संरक्षक के रूप में एथलेटिक्स से जुड़ी रहीं।वह वर्तमान में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की जूनियर चयन समिति की अध्यक्ष हैं। वह सरकार की राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समितियों का भी हिस्सा रह चुकी हैं।

## हॉस्टल के रूम में मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट ने किया सुसाइड, शॉल का फंदा बनाकर लटका



**भरतपुर (आरएनएस)।** जगन्नाथ पहाडिय़ा मेडिकल कॉलेज में सोमवार को एमबीबीएस फाइनल ईयर के स्टूडेंट ने हॉस्टल के रूम में ही आत्महत्या कर ली। स्टूडेंट का नाम सुरेंद्र रावत है और वह अलवर जिले के बानसूर का रहने वाला है। स्टूडेंट ने दोपहर में करीब 1 बजे फांसी सुसाइड किया। बाकी स्टूडेंट को इस घटना का पता लगा तो वह सुरेंद्र को लेकर तुरंत आरबीएम अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सुरेंद्र के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। वार्डन पीयूष गोस्वामी ने बताया कि स्टूडेंट कमरा नंबर 103 में शॉल के फंदे पर पंखे के कुंडे से लटका हुआ था। बाकी स्टूडेंट ने उसे देखा तो खिडक़ी तोडक़र उसे रेस्क्यू किया। जब उसे नीचे उतारा तो उसकी सांसें चल रही थी, तुरंत आरबीएम अस्पताल लेकर गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। 2018 में चयन के बाद लिया एडिमशन सुरेंद्र ने साल 2018 में भरतपुर मेडिकल कॉलेज में एडमिशन लिया था। उसके पिता भरतपुर आए हुए थे। जो 10 दिसंबर को अपने घर चले गए। बताया जा रहा है सुबह तक सुरेंद्र बिल्कुल ठीक था सभी से मजाक कर रहा था। आज उसका पीडियाट्रिक्स का प्रैक्टिकल था। सुरेंद्र प्रेक्टिकल देकर अपने कमरे में आ गया था।

## लोकसभा में जाति और धर्म के आधार पर चर्चा की गई तो मुझे कार्यवाई करनी होगी : बिरला



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कांग्रेस के एक सांसद की टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए सोमवार को सदन में कहा कि अगर सदस्य सदन के भीतर जाति और धर्म के आधार पर चर्चा करेंगे तो आसन को कार्रवाई करनी पड़ेगी.

दरअसल, कांग्रेस सदस्य रेवंत रेड्डी ने प्रश्नकाल के दौरान वित्त मंत्रालय से संबंधित पूरक प्रश्न पूछते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारण की एक टिप्पणी को लेकर जाति के संदर्भ में कुछ कहा था. निर्मला सीतारमण ने कहा था कि सदस्य तेलंगाना से आते हैं. कह रहे हैं कि उनकी हिंदी कमजोर है. मैं कमजोर हिंदी में ही जवाब देती हूं. इसके बाद रेड्डी ने कहा, ''मंत्री जी ने मेरी हिंदी को लेकर टिप्पणी की है. मैं.....''

कांग्रेस सांसद की टिप्पणी को लेकर संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आपत्ति जताई और कहा कि सदस्य इस सदन का वर्गीकरण कर रहे हैं. बाद में बिरला ने कहा, ''सदस्य ने कहा कि मैं इस जाति से आता हूं. आप जाति और धर्म के आधार पर चुनकर नहीं आते हैं...ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं करें, अन्यथा कार्रवाई करनी होगी. आप यहां धर्म और जाति के आधार पर चर्चा नहीं करें.''

इस पर रेड्डी ने कुछ कहने का प्रयास किया तो लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि अगर आप बार-बार उठेंगे तो बाहर निकाल दूंगा. इससे पहले रेड्डी जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पुराने कथन का उल्लेख कर रहे थे तो बिरला ने कहा कि आप प्रश्न पूछिए. इस पर रेड्डी ने कहा कि आप हस्तक्षेप मत करिये.

लोकसभा अध्यक्ष ने उनके इस कथन पर भी आपत्ति जताते हुए कहा कि आप (अधीर रंजन चौधरी) नेता हैं. आप सदस्यों को समझा दें कि वह ऐसा नहीं कह सकते कि मैं हस्तक्षेप नहीं कर सकता. मेरे पास अधिकार है कि हस्तक्षेप करूं. इस पर रेड्डी ने सफाई देते हुए कहा कि हम सब यहां चुनकर आते हैं और उम्मीद करते हैं कि आप हमें संरक्षण देंगे. इसके बाद प्रश्नकाल आगे बढ़ा.

## शिक्षक घोटाला : पार्थ चटर्जी की न्यायिक हिरासत 22 दिसंबर तक बढ़ाई गई



**कोलकाता (आरएनएस)।** सीबीआई की एक विशेष अदालत ने सोमवार को राज्य में करोड़ों रुपये के शिक्षक भर्ती घोटाले में कथित संलिप्तता के सिलसिले में पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी की न्यायिक हिरासत 22 दिसंबर तक बढ़ा दी। पश्चिम बंगाल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (डब्ल्यूबीबीएसई) के पूर्व अध्यक्ष कल्याणमय गंगोपाध्याय और वेस्ट बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन (डब्ल्यूबीएसएससी) के पूर्व अध्यक्ष सुबिरेश भट्टाचार्य समेत पांच अन्य लोगों के लिए भी न्यायिक हिरासत का समान विस्तार किया गया।

सोमवार को, चटर्जी के वकील ने जमानत याचिका दायर की, केंद्रीय जांच ब्यूरो के वकील ने इसका जोरदार विरोध किया और दावा किया कि पूर्व मंत्री ही पूरे शिक्षक भर्ती अनियमितताओं में बड़ी साजिश के मास्टरमाइंड थे। सीबीआई के वकील ने आगे तर्क दिया कि उन्होंने डब्ल्यूबीएसएससी की एक स्क्रीनिंग कमेटी को अवैध रूप से नियुक्त करके पूरी साजिश रची थी, जिसके माध्यम से प्रक्रिया में पूरी तरह से हेराफेरी की गई थी।

चटर्जी के वकील ने बड़ी साजिश की परिभाषा पर सवाल उठाया। वहीं न्यायाधीश ने एक बार चटर्जी को बोलने की अनुमति दी, उन्होंने कहा- यदि वह चाहें तो बोल सकते हैं। भावुक चटर्जी ने तब कहा कि वह एक प्रभावशाली व्यक्ति होने के आरोपों से थक चुके हैं। हर कोई यहां सामाजिक न्याय की बात कर रहा है। लेकिन मेरा चरित्र हनन हर दिन हो रहा है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो भविष्य में कोई भी मंत्री या जनप्रतिनिधि बनने को तैयार नहीं होगा। सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय के प्रतिनिधि मंत्रियों की जगह क्यों नहीं लेते? मैं भी अपने लिए न्याय चाहता हूं।


चटर्जी के वकील सलीम रहमान ने कहा कि अगर डब्ल्यूबीएसएससी की स्क्रीनिंग कमेटी ने किसी तरह की अनियमितता की है तो इसमें उनके मुवक्किल की कोई भूमिका नहीं है। एक आरोप पत्र दायर किया गया है, क्या अतिरिक्त जांच की आवश्यकता है? मेरे मुवक्किल को एक ही आरोप के आधार पर बार-बार न्यायिक हिरासत में नहीं भेजा जा सकता। मेरा मुवक्किल बच नहीं पाएगा। इसलिए उनकी जमानत किसी भी हाल में मंजूर की जाए।

हालांकि, सीबीआई के वकील ने दावा किया कि स्क्रीनिंग कमेटी का गठन खुद राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री द्वारा सभी मानदंडों की धज्जियां उड़ाते हुए किया गया था। वकील ने तर्क दिया, इसीलिए वह उस बड़ी साजिश के प्रमुख मास्टरमाइंड हैं।

### मदरसे में 8 साल की बच्ची से इमाम ने किया रेप, गिरफ्तार

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड के सिमडेगा जिले के कोलेबिरा थाना क्षेत्र से शर्मसार करने वाली खबर आई है। यहां के एक मदरसा के इमाम अमीनुल्लाह उर्फ अमीन पर आठ साल की बच्ची से रेप करने का आरोप लगा है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि आरोपी कोलेबिरा से भागकर लोहरदगा के कुड़ू पहुंच गया था। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर उसे पकड़ा। बताया गया कि आरोपी इमाम मदरसा में छोटे-छोटे बच्चों को अलग से पढ़ाने के लिए बुलाता था। रविवार को भी उसने बच्चों को बुलाया था। पढ़ाई खत्म करने के बाद मौलाना ने एक बच्ची को रोक लिया और बाकी बच्चों को भेज दिया। इसके बाद एक अलग कमरे में लेकर बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची ने घर पहुंचकर मौलाना की हरकत के बारे में बताया। उसने घरवालों को बताया कि पिछले कई दिनों से वह उसके साथ गंदी हरकत कर रहा था। बच्ची के परिजन जब मदरसा पहुंचे तो वह फरार हो गया था। बच्ची को लेकर परिवार और अंजुमन कमेटी के सदस्य थाने पहुंचे। बच्ची के परिजनों के अलावा मस्जिद और मदरसा चलाने वाली सदर अंजुमन कमेटी ने भी थाने में इमाम के खिलाफ लिखित तहरीर दी है। बच्ची को मेडिकल जांच के लिए सिमडेगा भेजा गया है। एसपी सौरभ कुमार ने बताया कि घटना में आरोपी मौलाना को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

## उदयपुर से अहमदाबाद फ्लाइट शुरू, सिर्फ 55 मिनट में पूरा होगा सफर



**उदयपुर (आरएनएस)।** उदयपुर-अहमदाबाद के बीच रेलवे लाइन शुरू होने के बाद अब एविएशन डिपार्टमेंट ने उदयपुर से अहमदाबाद की फ्लाइट शुरू कर दी है। सिफ 55 मिनट में यह सफर शुरू होगा। उदयपुर आने वाले टूरिस्टों के लिए हवाई सफर के लिए यह बेहतर सुविधा होगी।

उदयपुर के महाराणा भूपाल एयरपोर्ट से यह फ्लाइट प्रतिदिन 3.25 बजे रवाना होगी और 55 मिनट में 4.20 मिनट पर अहमादाबाद पहुंच जाएगी। यही फ्लाइट अहमदाबाद से शाम को 5.35 बजे रवाना होकर 45 मिनट में उदयपुर आ जाएगी।

खास बात यह है कि इस फ्लाइट के शुरू होने से खाड़ी देशों कुवैत, सऊदी अरब से जो लोग अहमदाबाद आते हैं वो सीधे फ्लाइट से उदयपुर आ सकेंगे।

आपको बता दें कि उदयपुर अहमदाबाद ब्राडगेज आमान परिवर्तन होने के बाद से 30 अक्टूबर को ट्रेन शुरू हुई थी। ट्रेन से अहमदाबाद पहुंचने में 5 घंटे लग रहे हैं। फ्लाइट किराया अधिक होने से आम यात्रियों के लिए रेल बेहतर सुविधा है।

## वंदे भारत ट्रेन चलाकर वाहवाही बटोरने वाले भाजपा नेता बताएं कैंसिल ट्रेनों को कब करेंगे चालू : राजेन्द्र साहू

**दुर्ग (आरएनएस)।** वंदे भारत ट्रेन प्रारंभ किये जाने को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेंद्र साहू ने मोदी सरकार पर तीखे प्रहार किये हैं। राजेंद्र ने कहा है कि जब से मोदी सरकार केंद्र की सत्ता में आई है, तब से मध्यम वर्ग और मध्यम-निम्न वर्ग के लिए यात्रा के साधनों में लगातार कटौती की जा रही है। सैकड़ों ट्रेनों को कैंसिल किया जा चुका है। कई-कई महीने तक प्रमुख ट्रेनों का संचालन बंद करने से सिर्फ छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे देश की जनता परेशान है। सैकड़ों ट्रेनों को रद्द करने के बाद एक वंदे भारत ट्रेन का संचालन प्रारंभ कर मोदी सरकार और भाजपा नेता सैकड़ों चूहे खाकर बिल्ली हज को चली वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं।

राजेंद्र ने कहा कि लोकल, पैसेंजर और साधारण एक्सप्रेस ट्रेनों में हर दिन लाखों लोग यात्रा करते हैं। इन ट्रेनों को कैंसिल करने से हर दिन देश के लाखों लोग परेशान हो रहे हैं। कई ट्रेनों को ऐन यात्रा के दिन ही रद्द कर दिया जाता है। यात्री जब आवश्यक कार्य से यात्रा की तैयारी कर चुके होते हैं तब उन्हें रेलवे स्टेशन पर पता चलता है कि ट्रेन रद्द कर दी गई है। जो ट्रेनें चल रही हैं, उनमें से अधिकांश ट्रेनें दो-चार घंटे से लेकर 20-20 घंटे तक लेट चल रही हैं।

बीजेपी पर तंज कसते हुए राजेंद्र ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन प्रारंभ होने पर भाजपा नेता ऐसे जश्न मना रहे हैं, मानो पूरे देश भर की जनता को बड़ी भारी सौगात दे दी गई है। अच्छा यह होगा कि मोदी सरकार पूर्व में रद्द की गई लोकल, पैसेंजर और साधारण एक्सप्रेस ट्रेनों को अविलंब चालू करें। ट्रेनों का नियमित संचालन किया जाए और घंटो देर से चलने वाली ट्रेनों को समय पर चलाया जाए। ताकि रियायती दर पर यात्रा करने वाले यात्रियों को सुगम यात्रा की सुविधा मिल सके।

राजेंद्र ने मोदी सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने जब से देश की सत्ता संभाली है, तब से पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाद्य सामग्री की कीमत बेतहाशा बढ़ी है। ट्रेनों से यात्रा भी लगातार महंगी की जा रही है। एक मात्र वंदे भारत ट्रेन चलाकर जश्न मनाने और अपनी पीठ खुद थपथपाने की बजाय मोदी सरकार देश की बड़ी आबादी के लिए रद्द की गई ट्रेनों को चलाएं ताकि लाखों करोड़ों लोगों को इनका लाभ मिल सके।

राजेंद्र ने छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं को घेरते हुए कहा है कि उन्हें यह बताना चाहिए कि राज्य की जनता के लिए उपलब्ध ट्रेनों में से कितनी ट्रेनें मोदी सरकार ने बंद कर दी है। रमन सिंह समेत सभी भाजपा नेताओं ने कितने बार इन ट्रेनों को चालू करने की मांग केंद्र सरकार से की है। भाजपा नेताओं को इस बात का जवाब भी देना चाहिए कि सस्ती टिकट वाली ट्रेनों को बंद कर कई गुना महंगी टिकट वाली ट्रेन को चालू करने से आम जनता को कितना लाभ मिल पाएगा।